ये अव्यक्त इशारे

जमा का खाता बढ़ाओ, बचत की स्कीम बनाओ

7-03-2023

समय और शक्ति की बचत करने के लिए हर समय बापदादा के संस्कारों से मेल करते चलो। जो साकार के संकल्प वा संस्कार रहे हैं उनसे मिलाते चलो तो समय नष्ट नहीं होगा। फौरन निर्णय कर लेंगे कि क्या करना है, क्या नहीं करना है। इससे ही समय की बचत होगी और बुद्धि की शक्ति जो नष्ट होती है, उसकी भी बचत होगी।

गुल्जार दादी जी द्वारा उच्चारित अनमोल रत्न-

समझो आपके पास ईर्ष्या आई, उसको आपने जीता, तो कैसे जीता? चाहे मदद लेके जीता, चाहे योग से जीता, चाहे मनन से जीता, जीता तो सही, पास तो किया ना। फिर दूसरे बारी जब आता है तो फिर क्यों फेल हो जाते? समझते हैं यह समस्या है, पेपर है तो अभी इसमें सिर्फ सोचने समझने से कुछ नहीं होगा। इसके लिए बाबा कहते थे जैसे तलवार को म्यान में डालके रखते हैं लेकिन अगर बीच-बीच में उसको साफ नहीं करें, यूज़ नहीं करें, देखें नहीं तो जब समय आयेगा और उस समय म्यान से तलवार निकालेंगे तो उससे अपनी भी अंगुली नहीं काट सकेंगे क्योंकि जंक खाके उसकी वो धार खत्म हो गयी। तो बार-बार मनन करो, जैसे सहनशक्ति को यूज़ कैसे करें?